# कार्यपत्र-15

1. **सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**
   (क) 'वह अचानक घर आ गया।'– वाक्य में अविकारी भेद है– (iv) क्रियाविशेषण ✓
   (ख) 'हाय! वह तो मारा गया।'– वाक्य में अव्यय भेद पहचानिए। (ii) विस्मयादिबोधक ✓
   (ग) इनमें समुच्चयबोधक का उदाहरण है– (iv) तुम जल्दी आना ताकि हम समय पर पहुँच सकें। ✓
   (घ) 'काजल ने ही कप तोड़ा है।'– वाक्य में निपात है– (i) ही ✓
   (ङ) इनमें संबंधबोधक का उदाहरण है– (iii) रवि घर के बाहर खड़ा है। ✓

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
   (क) जो अव्यय क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं। इसके चार भेद हैं– कालवाचक क्रियाविशेषण, स्थानवाचक क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक क्रियाविशेषण तथा रीतिवाचक क्रियाविशेषण।
   (ख) जो अविकारी शब्द वाक्य में प्रयुक्त शब्दों या उपवाक्यों के योग या पृथकता का बोध कराते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक कहते हैं। जैसे– वह खेलने नहीं गया क्योंकि उसे बुखार था।

3. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अव्ययों के भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) मुझे देर हो रही थी इसलिए मैं वहाँ से चला गया। | समुच्चयबोधक |
| (ख) वह पेड़ के नीचे खड़ा है। | संबंधबोधक |
| (ग) उसे थोड़ा दूध दे दो। | परिमाणवाचक क्रियाविशेषण |
| (घ) शाबाश! ऐसे ही मेहनत करते रहो। | विस्मयादिबोधक |
| (ङ) मैं तो अवश्य तुम्हारे साथ चलूँगा। | रीतिवाचक क्रियाविशेषण |

4. **निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित अव्यय शब्द से कीजिए।**

| | |
|---|---|
| (क) **वाह!** क्या सुंदर दृश्य है। | (अरे!/वाह!) |
| (ख) वह **सदैव** शाम को घूमने जाता है। | (सदैव/थोड़ा) |
| (ग) मेरे घर **के बाहर** एक कुत्ता बैठा है। | (ताकि/के बाहर) |
| (घ) वह रात **भर** रोता रहा। | (उफ़/भर) |
| (ङ) मैंने उसे बहुत समझाया **परंतु** वह नहीं माना। | (इसलिए/परंतु) |

5. **निम्नलिखित अव्यय शब्दों से वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) के सिवाय | मेरे भाई के सिवाय यहाँ कोई नहीं आएगा। |
| (ख) एकाएक | भारतीय टीम ने एकाएक मैच पलट दिया। |
| (ग) भी | कपिल भी बाज़ार गया है। |
| (घ) आह! | आह! वह गिर गया। |
| (ङ) के पीछे | पेड़ के पीछे कौन खड़ा है? |
| (च) अचानक | वह अचानक रोने लगा। |